भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय,
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल – 02
**Phone:** 0755-2661263,2737446 **Fax:** 2661263
**Website**:bsgmp.net **E_mail:** bsgmadhyapradesh@gmail.com

क्र0 / 4051 / स्था.–का.अ. / रा0मु0 / 2016 भोपाल, दिनांक 18.10.2016

प्रतिष्ठा में,

श्रीमती / सुश्री / श्रीमान.................................................

समस्त सम्मानीय राज्य परिषद सदस्य

.........................................................................................

**विषय :–** दिनांक 26 सितम्बर–2016 को आयोजित राज्य परिषद की बैठक का कार्यवाही विवरण।

–––000–––

**माननीय,**

उपरोक्त विषयांतर्गत दिनांक **26 सितम्बर–2016** को भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, गांधीनगर, भोपाल में सम्पन्न **राज्य परिषद** की बैठक का कार्यवाही विवरण आपकी ओर सादर प्रेषित है।

धन्यवाद।

**संलग्न :– कार्यवाही विवरण**

18/10/2016
राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.

# दिनांक 26 सितम्बर 2016 को आयोजित राज्य परिषद् की बैठक का कार्यवाही विवरण

भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र. की राज्य परिषद की बैठक दिनांक **26 सितम्बर 2016** को दिन सोमवार समय प्रातः **11:30 बजे** भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, गांधीनगर, भोपाल में **माननीय श्री अशोक अर्गल, अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश** की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अधोलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

| क्र. | परिषद सदस्य नाम | पद | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री अशोक अर्गल | अध्यक्ष | भोपाल |
| 2. | श्री रमेशचन्द्र शर्मा "गुट्टू भैया" | उपाध्यक्ष | भोपाल |
| 3. | श्रीमती सरोज राजपूत | उपाध्यक्ष | भोपाल |
| 4. | श्रीमती रेशू राजावत | उपाध्यक्ष | ग्वालियर |
| 5. | श्री पारस चन्द्र जैन | राज्य मुख्य आयुक्त | भोपाल |
| 6. | श्री डी.एस.राघव | राज्य आयुक्त–स्काउट | भोपाल |
| 7. | सुश्री शीला दाहिमा | राज्य आयुक्त–गाइड | भोपाल |
| 8. | डॉ.बलवान सिंह | राज्य कोषाध्यक्ष | भोपाल |
| 9. | श्री प्रकाश दिसौरिया | राज्य सचिव | भोपाल |
| 10. | श्री प्रकाश चित्तौडा | सहायक राज्य आयुक्त–स्काउट | उज्जैन |
| 11. | श्री रमेश चन्द्र शर्मा | सहायक राज्य आयुक्त–स्काउट | उज्जैन |
| 12. | श्रीमती डेजी रानी जैन | सहायक राज्य आयुक्त–गाइड | भोपाल |
| 13. | श्रीमती गीता झा | सहायक राज्य आयुक्त–गाइड | भोपाल |
| 14. | सुश्री गुणमाला जैन | सहायक राज्य आयुक्त–गाइड | दतिया |
| 15. | श्रीमती अनीता अंकुलनेरकर | राज्य संगठन आयुक्त–गाइड | भोपाल |
| 16. | श्री डी.एस.कुशवाहा | हेड क्वार्टर कमिश्नर–स्काउट | भोपाल |
| 17. | श्री विष्णु राठौर | हेड क्वार्टर कमिश्नर–स्काउट | भोपाल |
| 18. | सुश्री उमा भार्गव | हेड क्वार्टर कमिश्नर–गाइड | भोपाल |
| 19. | श्री बी.एल.शर्मा | राज्य प्रशिक्षण आयुक्त–स्काउट | भोपाल |
| 20. | श्रीमती सी.के.उपाध्याय | राज्य प्रशिक्षण आयुक्त–गाइड | भोपाल |
| 21. | श्री रामेश्वर खेडे | जिला मुख्य आयुक्त | देवास |
| 22. | श्री सुरेश कुमार त्रिपाठी | जिला मुख्य आयुक्त | रायसेन |
| 23. | श्री एस.के.मिश्रा | जिला मुख्य आयुक्त | राजगढ |
| 24. | श्री यू.बी.पटेल | जिला मुख्य आयुक्त | मण्डला |
| 25. | श्रीमती अबिदा रजा | जिला कमिश्नर–गाइड | भोपाल |
| 26. | श्री जे.के.नामदेव | लीडर ट्रेनर–स्काउट | अनूपपुर |
| 27. | श्री के.पी.सिंह | लीडर ट्रेनर–स्काउट | शहडोल |
| 28. | श्री एल.एन.शर्मा | लीडर ट्रेनर–स्काउट | झाबुआ |
| 29. | श्री आर.के.तिवारी | लीडर ट्रेनर–स्काउट | सतना |
| 30. | श्री महेन्द्र अग्रवाल | लीडर ट्रेनर–स्काउट | भोपाल |
| 31. | श्री आर.सी.राणा | लीडर ट्रेनर–स्काउट | उज्जैन |
| 32. | श्री विशाल सिंह भदौरिया | लीडर ट्रेनर–स्काउट | विदिशा |
| 33. | श्री आर.एन.तिवारी | लीडर ट्रेनर–स्काउट | शहडोल |
| 34. | सुश्री विजया गेहलोत | लीडर ट्रेनर–गाइड | इंदौर |
| 35. | श्रीमती संतोष सिंह | लीडर ट्रेनर–गाइड | सतना |
| 36. | सुश्री आशा सिंह | लीडर ट्रेनर–गाइड | भोपाल |
| 37. | श्री कुणाल मिश्रा | सहयोजित सदस्य | इंदौर |
| 38. | डॉ.(श्रीमती) रीना सिंह राजपूत | सहयोजित सदस्य | भोपाल |
| 39 | श्री रमेश वारिया | ग्रुप स्काउटर | रतलाम |

| | | |
|---|---|---|
| 40. डॉ.राकेश शर्मा | ग्रुप स्काउटर | मुरैना |
| 41. श्रीमती वैजयंती गेहलोत | ग्रुप गाइडर | इंदौर |
| 42. श्रीमती मोहनी मालवीय | ग्रुप गाइडर | उज्जैन |
| 43. श्री विनोद मालवीय | ग्रुप स्काउटर प्रतिनिधि | होशंगाबाद |
| 44. श्री प्रताप नारायण मिश्रा | ग्रुप स्काउटर | गुना |
| 45. श्री राजेश नरगरे | स्काउटर प्रतिनिधि | इंदौर |
| 46. श्री गणेश शर्मा | स्काउटर प्रतिनिधि | रतलाम |
| 47. श्री सुरेश पाठक | स्काउटर प्रतिनिधि | शाजापुर |
| 48. श्री एस.के.नायक | स्काउटर प्रतिनिधि | होशंगाबाद |
| 49. श्रीमती रानी यादव | गाइडर प्रतिनिधि | रतलाम |
| 50. श्री अरूणेन्द्र तिवारी | आजीवन सदस्य प्रतिनिधि | शहडोल |

बैठक का शुभारंभ ईश प्रार्थना के साथ हुआ । उपस्थित पदाधिकारियों का पुष्प गुच्छ, पुष्पमाला एवं स्कार्फ से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

राज्य सचिव ने अवगत कराया कि दिनांक 22 अगस्त 16 को राज्य परिषद की बैठक होना थी जो प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण माननीय अध्यक्ष महोदय के निर्देश से स्थगित हो गई थी अतः 23 जनवरी 2016 की निर्वाचन बैठक पश्चात् यह प्रथम बैठक है कृपया सभी सदस्य आपस में परिचित होने हेतु अपना परिचय प्रदान करें। सदस्यों के परिचय पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय को कोरम पूर्ति की सूचना देते हुए उनकी अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। राज्य सचिव ने उपस्थित सदस्यों को कहा कि सभी सदस्यों को दूरभाष, एस.एम.एस., वेबसाइट पर सर्कुलर से बैठक की सूचना दी गई थी एवं स्मरण भी कराया गया था। बैठक का एजेंडा एवं आवश्यक प्रपत्र निर्धारित समय में भेजे जा चुके है आशा है आप सभी ने प्रपत्रों का अवलोकन भी कर लिया होगा।

**बिन्दु क्र.-01 - गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि –**

श्री प्रकाश दिसोरिया, राज्य सचिव ने अवगत कराया कि दिनांक 23 **जनवरी – 2016** को सम्पन्न राज्य परिषद की बैठक का कार्यवाही विवरण सभी सदस्यों को भेजा गया है । सदन से पुष्टि की अपेक्षा है ।श्री रमेश शर्मा, श्री आर.के. तिवारी सहित सदस्यों ने बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की।

निर्णयः– **सदन ने सर्वानुमति से कार्यवाही विवरण की पुष्टि की ।**

**बिन्दु कृ-02 - गत बैठक के पालन प्रतिवेदन की पुष्टिः–**

दिनांक 23 **जनवरी – 2016** को सम्पन्न राज्य परिषद की बैठक के पालन प्रतिवेदन के सम्बन्ध में राज्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त बैठक का एक मात्र एजेंडा निर्वाचन था। अतः श्री राजकुमार कौशिक, उपसंचालक (परियोजना) राष्ट्रीय मुख्यालय एवं निर्वाचन अधिकारी ने दिनांक 09.01.2016 को प्रकाशित परिणाम की सूची अनुसार राज्य परिषद के पदाधिकारियों एवं समिति के सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर प्रमाणपत्र वितरित किये। कोई कार्यवाही शेष नही है ।

श्री प्रकाश चित्तौड़ा ने पालन प्रतिवेदन की पुष्टि हेतु सदस्यों से सहमति चाही ।

**निर्णय :– सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त करते हुए पालन प्रतिवेदन की सदन द्वारा पुष्टि की गई।**

**बिन्दु कृ.-03 - वार्षिक प्रतिवेदन 2014-15 का अनुमोदनः–**

राज्य सचिव ने वार्षिक प्रतिवेदन 2014–15 के सम्बन्ध में अवगत कराया कि संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन आपको अवलोकन एवं जानकारी हेतु उपलब्ध कराया जा चुका है जिसमें संस्था की प्रमुख उपलब्धियों/सम्मिलित जानकारी के बारे में राज्यसचिव अवगत कराते हुए बताया कि प्रतिवेदन में विभिन्न समितियों की जानकारी, प्रमुख उपलब्धियाँ, अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय, संभाग व जिला स्तरीय, कार्यक्रम में प्रतिभागिता, गुणात्मक स्थिति सभी विभाग की, अलंकरण सूची, वयस्क प्रशिक्षण–स्काउट प्रतिवेदन, दल पंजीयन लक्ष्य–पूर्ति विवरण, जिला संघ निर्वाचन की जानकारी, वार्षिक योजना, वार्षिक कार्यक्रम एवं सम्बन्धित अन्य जानकारियाँ सम्मिलित है। राज्य सचिव ने अवगत कराया कि सत्र 2014–15 का वार्षिक प्रतिवेदन का माननीय सदस्यों के समक्ष संस्था की वर्ष भर की उपलब्धियों के साथ अवलोकनार्थ प्रस्तुत हैं इस सम्बन्ध में उपलब्धियों की संक्षिप्त जानकारी इस प्रकार है–

1 **वयस्क प्रशिक्षण के अंतर्गत लीडर ट्रेनर स्काउट 1, सहा.ली.ट्रे. कब 1, स्काउट 3, बुलबुल 1, गाइड 1, रेंजर 1, प्री सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट 3 हुए। इसी प्रकार हिमालय वुड बैज में कब 5, स्काउट 11, रोवर 1, बुलबुल 5, गाइड 6 रेंजर 1 कुल 29 हुये। एडवांस कब मास्टर 30, स्काउट मास्टर 107, गा.के .28 कुल 165 हुये। बेसिक कब मा. 185, स्काउट मास्टर 472, रो.ली. 32, फ्ला. ली. 35, गा.के. 133, रे.ली. 12 इस प्रकार कुल 869 स्काउटर–गाइडर प्रशिक्षित हुए।**



391

2 संभाग स्तर पर तृतीय सोपान 673 स्काउट एवं 304 गाइड ने प्राप्त किया। प्रदेश के 119 स्काउट एवं 76 गाइड राज्य पुरस्कार से व 33 स्काउट एवं 15 गाइड, राष्ट्रपति पुरस्कार के लिये चयनित हुये ।

3 राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित श्रीलंका व पाकिस्तान जंबूरी कार्यक्रमों में 02 कार्यक्रमों में मध्यप्रदेश के 10 युवाओं ने प्रतिभागिता की । राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में मध्यप्रदेश से युवा कार्यक्रम अन्तर्गत 1214 स्काउट–गाइड एवं वयस्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 1074 कब, स्काउट, रोवर, फ्लाक लीडर, गाइड कैप्टिन, रेंजर ने प्रतिभागिता की।

राज्य सचिव ने जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि पूर्व राज्य परिषद में स्वीकृती अनुसार वार्षिक कार्यक्रम एवं वार्षिक योजना तैयार करते हुए प्रदेश के कब–बुलबुल, स्काउट–गाइड, रोवर–रेंजर के लिये क्रमशः कब–बुलबुल उत्सव, पेट्रोल लीडर केंपूरी, आपदा प्रबंधन, रोवर–रेंजर समागम, रोमांचकारी ट्रेकिंग के आयोजन किये। वर्तमान प्रबंधन द्वारा इस आंदोलन को नये आयाम एंव कीर्तिमान स्थापित करने के पूर्ण प्रयास कर रहे हैं। कृपया वार्षिक प्रतिवेदन 2014–15 का अनुमोदन करना चाहेंगे।

कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रदेश राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रमो में प्रतिभागिता की सराहना की गई तथा गुणात्मकता पर ध्यान देते हुए प्रतिभागियों की संख्या में वृद्धि की अपेक्षा की गई।

निर्णय :– **संस्था की उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त करते हुये सदस्यों द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन 2014–15 को अनुमोदित किया गया।**

कार्यवाही– राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट–गाइड),
राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट–गाइड)

**बिन्दु क. 04 :– ऑडिट रिपोर्ट वर्ष 2014-15 का का अनुमोदन–**

**डॉं बलवान सिंह, राज्य कोषाध्यक्ष ने संस्था की विभिन्न शाखाओं की वर्ष 2014–15 के लेखाओं की चार्टर्ड अकाउंटेट द्वारा किये अंकेक्षण का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया –**

डॉं सिंह ने अवगत कराया कि अंकेक्षण प्रतिवेदन में आय–व्यय का विवरण दिया गया है। मुख्य लेखा शाखा, पंजीयन, साज–सज्जा एवं अभिरूचि शाखाओं में मिलाकर कुल 22 आपत्तियों में से 16 निराकृत होकर शेष 06 पर कार्यवाही जारी है। पूर्व वर्षो में विभिन्न संस्थाओं से सामग्री क्रय की गई थी उनकी देनदारियों के सम्बन्ध में वित्तिय स्थिति अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

बैठक में उपस्थित श्री आर एन तिवारी ने हस्तक्षेप करते हुए संस्था के राज्य सचिव, राज्य संगठन आयुक्त–गाइड के समायोजन के सम्बन्ध में आपत्ति ली । राज्य कोषाध्यक्ष ने सम्बन्धित सदस्य का समाधान करते हुए अवगत कराया कि जो भी समायोजन किया गया है वह नियमानुसार सक्षम अधिकारी की सहमति से किया गया है कृपया सम्बन्धित वित्तिय सत्र के बारे में ही चर्चा करें जिसका अनुमोदन होना है। श्री महेन्द्र अग्रवाल, पूर्व राज्य सचिव एवं श्री गणेश शर्मा ने भी अनावश्यक व असम्बन्धित आपत्ति लेने के स्थान पर सी.ए. प्रतिवेदन अनुमोदन की बात कही।जिस पर श्री तिवारी ने आपत्ति वापस ली।

श्री डी.एस.कुशवाह, श्री राजीव जैन सहित अन्य सदस्यों ने आपत्तियों के निराकरण हेतु किये गये प्रयासों की सराहना करते हुए ऑडिट रिपोर्ट 2014–15 को अनुमोदन हेतु अपनी सहमति प्रदान की।

निर्णय :– नियमानुसार आपत्तियों का निराकरण किया जावें।

कार्यवाही– लेखाधिकारी

**बिन्दु क. 05 एवं 06 :– वास्तविक आय व्यय वर्ष 2015-16 एवं पुनरीक्षित बजट तथा वर्ष 2016-17 के प्रस्तावित बजट की स्वीकृति–**

**डॉं बलवान सिंह, राज्य कोषाध्यक्ष ने संस्था का वास्तविक आय–व्यय 2015–16 एवं प्रस्तावित आय–व्यय 2016 प्रस्तुत करते हुए सदस्यों को अवगत कराया कि सदन के माननीय सदस्यों को बजट की प्रति डाक द्वारा पत्र के साथ समय सीमा में भेजी गई है । बजट की शाखावार चर्चा करते हुये राज्य कोषाध्यक्ष ने माननीय सदस्यों को अवगत कराया कि–**

1 **स्थापना शाखा** –शासन को प्राप्त अनुदान से संस्था के कर्मचारियों के वेतन भत्ता, कार्यालयीन प्रबंधन एवं कर्मचारियों के सेवा निवृत्ति दायित्वों का भुगतान हेतु कार्य किया जाता है। **2. पंजीयन शाखा** – म.प्र. की समस्त शालाओं में प्रवेश के आधार पर पंजीयन राशि शालाओं से प्राप्त की जाती है जिसमें से शासन द्वारा निर्धारित राशि राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली भेजी जाती है शेष राशि से प्रशिक्षण गतिविधि, शिविर संचालन, प्रशिक्षण केन्द्रों का विकास प्रचार–प्रसार, पुरस्कार वितरण व्यय पर अनुसार की जाती है इसी राशि से भवन निर्माण हेतु लिए ऋण की किश्ते भी चुकाई जाती है। **3. अभिरूचि शाखा** –स्काउट एवं गाइड की यूनिफार्म हेतु कच्चा माल क्रय कर तैयार की जाती है भंडार के माध्यम से शालाओं को भेजी जाती है इसमें कच्चे माल का क्रय, मजदूरी, मशीन, सयंत्र संधारण व्यय किया जाता है । **4. गणवेश भंडार शाखा** –संस्था की गतिविधि संचालन हेतु ड्रेस एवं अन्य सामग्री की प्राप्ति एवं पूर्ति की जाती है इसमें सामग्री का क्रय, मजदूरी कर किराया का भुगतान किया जाता है। **5. परियोजना शाखा** –म.प्र. शासन



31

द्वारा आदिवासी विभाग के माध्यम से अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को स्काउट–गाइड की गतिविधियों के निःशुल्क संचालन हेतु राशि प्रदाय की जाती है। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के छात्र–छात्राओं हेतु स्काउट गतिविधि संचालन व पंजीयन शुल्क उपलब्ध कराई जाती है तथा अनु.जा.विकास विभाग से अनुसूचित जाति की संस्थाओं में स्काउट गाइड गतिविधि हेतु राशि उपलब्ध कराई जाती है। **6. पत्रिका शाखा** – भारत स्काउट एवं गाइड की गतिविधियों के प्रचार–प्रसार हेतु मासिक पत्रिका "बालचर रवि" का प्रकाशन किया जाता है जिसमें आजीवन सदस्य, वार्षिक सदस्यों से सदस्यता शुल्क ली जाती है राशि व्यय पत्रिका प्रबंधन, मुद्रण, प्रेषण में किया जाता है।

**समग्र बजट सम्बन्धी जानकारी देते हुए राज्य कोषाध्यक्ष ने कहा कि वित्त वर्ष 2014–15** में 301.06 लाख वास्तविक आय प्राप्त हुई । जिसके विरुद्ध 374.57 लाख व्यय हुआ । आय पर अधिक व्यय रुपये 73.51 लाख अन्य शाखाओं से ऋण स्वरुप राशि प्राप्त कर पूर्ति की गई । **वित्त वर्ष 2015–16** के समग्र बजट में रू. 581.80 लाख आय का प्रावधान करते हुए रू.577.35 लाख व्यय का अनुमान लगाया गया था। जिसके विरुद्ध वर्ष में वास्तविक आय रू. 304.52 लाख एवं व्यय रू. 307.22 लाख हुए जो अन्य शाखाओं से ऋण लेकर पूर्ति की गई । **वित्त वर्ष 2016–17** में समग्र बजट में कर्मचारियों के लम्बित स्तत्वों एवं परियोजना की राशि को शामिल करते हुए पूर्व वर्षो की लंबित कर्मचारियों की देनदारी को सम्मिलित करते हुए पुनरीक्षित बजट में रू. 1270.92 लाख आय एवं रू. 1394.70 लाख व्यय वर्तमान वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित कर वित्त समिति की अनुशंसा पश्चात् अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है इस वर्ष के बजट के संबंध में निम्न बिन्दु विशेष उल्लेखनीय है :–

1. **वित्त वर्ष 2014–15 से पोषण अनुदान के अन्तर्गत स्वीकृत राशि का नियत्रंण आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा किया जा रहा है।**
2. **मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग के द्वारा स्काउट–गाइड निधि की कक्षा 9 से 12 वी तक की गत तीन वर्षो से संकलित राशि जो शिक्षा अधिकारियों के पास उपलब्ध है । उसे शासन द्वारा भेजने पर प्रतिबंध लगाया गया था। शासन ने प्रतिबंध हटाते हुए राशि राज्य मुख्यालय को भेजने के आदेश जारी कर दिये है। पंजीयन राशि प्राप्त होने पर पूर्व वर्ष की राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली की बकाया भेजी जायेगी।**
3. **निःशुल्क शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत कक्षा 01 से 08 तक छात्र/छात्राओं से कोई स्काउट–गाइड निधि शुल्क संकलित नही किए जाने का शासन का निर्णय है, परन्तु राष्ट्रीय मुख्यालय के द्वारा समस्त स्काउट–गाइड के दल संचालन के आधार पर स्काउट–गाइड निधि की मांग की जाती है । वर्ष 2014–15 सें निःशुल्क शिक्षा के अधिकार के अन्तर्गत स्काउट/गाइड शुल्क की प्रतिपुर्ति राशि राज्य शिक्षा केन्द्र के द्वारा राज्य मुख्यालय भोपाल को उपलब्ध नही कराई गई, न ही परियोजना के अधीन राशि उपलब्ध कराई गई।**
4. **इसी प्रकार आदिवासी विकास/अनुसूचित जाति विकास द्वारा भी प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार राशि उपलब्ध नही कराई गई ।**
5. **वर्ष 2016–17 मे राज्य शिक्षा केन्द्र, आदिवासी विकास, अनुसूचित जाति विकास एवं राष्ट्रीय शिक्षा अभियान को प्रस्ताव भेजे गये ।**

राज्य कोषाध्यक्ष ने उपस्थित सुश्री शीला दाहिमा, राज्य आयुक्त–गाइड से भी राज्य शिक्षा केन्द्र की ओर संस्था द्वारा भेजे गये प्रस्ताव स्वीकृत करवाने में सहयोग का अनुरोध किया । राज्य कोषाध्यक्ष ने कहा कि उपरोक्त प्रस्तुत वर्ष 2015–16 का वास्तविक आय–व्यय एवं वर्ष 2016–17 का पुनरीक्षित बजट तथा वर्ष 2016–17 के प्रस्तावित बजट की राज्य वित समिति एवं राज्य कार्यकारिणी द्वारा अनुशंसा की जा चुकी है तथा राज्य परिषद द्वारा अवलोकन कर अनुमोदित किए जाने हेतु अनुरोध किया ।

श्री आर.एन.तिवारी ने संस्था के कर्मचारियों को वेतन हेतु प्राप्त अनुदान राशि में से 13 लाख पिछले वित्तिय वर्ष में लैप्स होने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए असंतोष व्यक्त करते हुए संस्था कर्मचारियों का वित्तिय नुकसान होने का उल्लेख करते हुए अनुदान हेतु निर्धारित समय में नियमानुसार कार्यवाही न करने की बात की । राज्य कोषाध्यक्ष ने उन्हें अवगत कराया कि संस्था को वर्तमान समय में अनुदान की राशि पूर्व की भॉति प्राप्त नहीं हो रही है एवं राशि सी.पी.आई. कार्यालय के पास ही रहती है अतः संभवतः वहॉ से नियमानुसार कार्यवाही न हो पाने से उक्त राशि लैप्स हो गई। राशि राज्य मुख्यालय, भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र. के कारण लैप्स नहीं हुई है भविष्य में इस सम्बन्ध में आवश्यकता होने पर राज्य मुख्यालय से भी प्रयास किये जावेंगे। पूर्व वर्षो के लंबित वसूली करने/समायोजन करने विभिन्न देनदारियों पर चर्चा पश्चात् श्री महेन्द्र अग्रवाल, श्री डी.एस. कुशवाह, श्री विशाल सिंह भदौरिया ने वर्ष 2015–16 का वास्तविक आय–व्यय एवं वर्ष 2016–17 का पुनरीक्षित बजट सदन में मान्य करने हेतु अपनी अनुशंसा की गई, जिस पर सभी सदस्यों ने अनुमोदन प्रदान किया।

**निर्णय : सदन ने सर्वसम्मति से वर्ष 2015–16 का वास्तविक आय–व्यय तथा सत्र 2016–17 का पुनरीक्षित बजट हर्षध्वनि से पारित किया।**

**कार्यवाहीः लेखाधिकारी**

**बिन्दु क्र. 07: सत्र 2016–17 का वार्षिक कार्यक्रम एवं वार्षिक योजना का अनुमोदन–**

सत्र 2016–17 के वार्षिक कार्यक्रम एवं योजना राज्य परिषद द्वारा अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करते हुए राज्य सचिव ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक सभी कार्यक्रमों का वार्षिक कार्यक्रमों में समावेश किया गया है।

कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए श्री रमेश चन्द्र शर्मा ने कहा कि कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ पूर्व वर्ष की उस कार्यक्रम में प्रतिभागिता की जानकारी भी दी जानी चाहिये। कार्यक्रम बनते हैं एवं होते भी है परन्तु समीक्षा नहीं हो पाती है। उदाहरण स्वरूप पूर्व के सिंहस्थ एवं इस वर्ष के सिंहस्थ में किये गये कायों की तुलनात्मक जानकारी दी जा सकती है। इसी प्रकार जिला संघों के निर्वाचन पर भी ध्यान दिया जावे।

राज्य सचिव ने अवगत कराया कि माननीय राज्य मुख्य आयुक्त के समक्ष बैठक कर संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई थी, इसके अतिरिक्त कार्यालयीन स्तर पर समीक्षा की जाती है। राज्य परिषद बैठक में सदस्यों से बैठक की सीमा अनुसार निर्धारित बिंदुओं पर चर्चा की जाती है।

श्री रमेश शर्मा ने पदाधिकारियों को भी कार्य तथा दायित्व सौंपे जाने का अनुरोध सभा अध्यक्ष से किया।

राज्य सचिव ने कहा कि हमें वार्षिक योजना भी बनाई है जिसके आधार पर ग्रेडिंग भी जारी होती है । यह वार्षिक कार्यक्रम एवं कार्ययोजना आपके अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की है कृपया अनुमोदन प्रदान करना चाहेंगे । वार्षिक कार्यक्रम एवं वार्षिक योजना 2016–17 को मान्य करने का अनुरोध सदन से किया।

श्री महेन्द्र अग्रवाल ने स्वच्छता अभियान को जोड़ने का सुझाव दिया । श्री प्रकाश चित्तौड़ा ने सहमति व्यक्त की तथा सदन ने भारत स्काउट एंव गाइड म.प्र. से जुड़े व कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करने वाले सभी सहयोगी हेतु धन्यवाद व्यक्त किया एवं वार्षिक कार्यक्रम एवं योजना सत्र 2016–17 पर अपनी सहमति प्रदान की ।

निर्णय :– **सदन द्वारा वार्षिक कार्यक्रम एवं कार्य योजना को सर्व सम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

कार्यवाही: राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड)
राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट / गाइड)

*बिन्दु क्र. 08: सदस्यों से 30 दिवस पूर्व प्रस्तावों पर चर्चा–*

*राज्य* सचिव ने सदन को अवगत कराया कि माननीय सदस्यों से बैठक के 30 दिवस पूर्व कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। यदि माननीय अध्यक्ष महोदय अनुमति देवे तो सदस्यगण अपने प्रस्ताव रख सकते हैं । अध्यक्ष महोदय ने लिखित में प्रस्ताव देकर अपनी बात रखने की अनुमति दी।

**बिन्दु क्र. 09: माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव पर चर्चा–**

राज्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय के अनुमति से सदस्यों को अपना प्रस्ताव रखने का अनुरोध किया गया । इस अवसर पर उपस्थित मंचासीन श्री रमेश शर्मा, श्री डी.एस.राधव, डॉ बलवान सिंह के स्काउट यूनिफार्म में पधारने पर उनका धन्यवाद व्यक्त किया गया। श्री प्रकाश चित्तौड़ा ने उज्जैन सिंहस्थ के दौरान राज्य मुख्य आयुक्त के द्वारा स्काउट यूनिफार्म पहनकर निरंतर सक्रिय रहने का उल्लेख किया जिससे स्काउटिंग की दृश्यता रही एंव माननीय मुख्यमंत्री जी एवं संत श्री अवधेशानंद जी द्वारा स्काउट गाइड की यूनिफार्म पहने सिंहस्थ में सक्रिय रहे मंत्री जी एंव राज्य मुख्य आयुक्त की प्रशंसा की गई।

1. **श्री के.पी. सिंह ने शहडोल में स्काउटिंग की चर्चा करते हुए कहा कि उनके क्षेत्र के लगभग 80 स्काउट–गाइड को तृतीय सोपान के प्रमाणपत्र प्राप्त न होने का उल्लेख किया ।**
   **साथ ही जानना चाहा कि राष्ट्रीय परिषद में भेजे गये नाम क्या राज्य परिषद से अनुमोदित है।**
   ––– राज्य सचिव ने अवगत कराया कि खंड स्तर से लेकर राज्य स्तर तक जो शिविर होते हैं उनके शिविर जॉच प्रतिवेदन राज्य मुख्यालय में आने पर पुनः परीक्षण होता है। राज्य मुख्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार प्राप्त जॉच प्रतिवेदन की पुनः परीक्षण की आधार पर कार्यवाही की गई है।
   राष्ट्रीय परिषद में सदस्यों का नाम भेजे जाने हेतु राज्य मुख्य आयुक्त द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।
2. **सदस्य द्वारा (1) स्वच्छता मिशन के अनुरूप कार्य करने (2) संविदा कर्मचारियों के नियमानुसार नियमितिकरण का प्रस्ताव रखा।**
3. **श्री अरूणेन्द्र तिवारी ने शहडोल में स्काउटिंग गतिविधियॉ सुप्त होने तथा कर्मचारियों के कम होने की जानकारी देते हुए आवश्यक व्यवस्था करने का सुझाव दिया।**
4. **श्री प्रकाश चित्तौड़ा द्वारा सदन में उपस्थित एक–दो सदस्यों द्वारा विषय से हटकर एवं अनर्गल मुद्दे की चर्चा कर सदस्यों का ध्यान भटकाने वालों को सदस्यों का महत्वपूर्ण समय का ध्यान रखने का कहा। श्री चित्तौड़ा ने स्काउट–गाइड संस्था सहित संपूर्ण जीवन में पूर्ण ईमानदारी से कार्य करने की बात करते हुए पूर्व प्रबधंन द्वारा उनकी आजीवन सदस्यता अकारण व नियम विरूद्ध रूप से समाप्त करने की बात कही जिससे वह अत्यधिक विचलित रहे । अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, राज्य मुख्य आयुक्त, राज्य आयुक्त–स्काउट द्वारा भी उनकी सदस्यता पूर्व प्रबंधन द्वारा द्वेषपूर्ण ढंग से अकारण समाप्त करने की बात सदन में कही।**



37

उज्जैन सिंहस्थ सेवा दल की चर्चा करते हुए श्री चित्तौड़ा ने कहा कि सेवा दल में लगभग 10000 स्वयं सेवक कार्य कर रहे थे जिसमें से लगभग 3500 स्काउट–गाइड के थे जिनके कार्यों की देश भर में सराहना हुई। सभा में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने करतल ध्वनि से अध्यक्ष, राज्य मुख्य आयुक्त व श्री प्रकाश चित्तौड़ा तथा स्वयं सेवकों के सहयोग हेतु धन्यवाद व्यक्त किया। श्री महेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि श्री प्रकाश चित्तौड़ा पूर्व के सिंहस्थ में भी सिंहस्थ सेवा दल अध्यक्ष रहे हैं और हमेशा यह जिम्मेदारी निभाते रहे हैं इनका नेतृत्व सभी के लिये प्रेरणादायी रहा। मेरा प्रस्ताव है कि श्री चित्तौड़ा जी को (1) आगामी राज्यपाल स्काउट–गाइड रैली में सम्मानित किया जावे (2) राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड "सिल्वर एलिफेंट" से सम्मानित करने हेतु नाम प्रस्तावित किया जावे जो कि मध्यप्रदेश के लिये गौरव होगा। उक्त प्रस्ताव पर राज्य मुख्य आयुक्त, सदस्य श्री रमेश शर्मा ने सहमति व्यक्त की। सदस्यों ने भी हर्ष ध्वनि से प्रस्ताव भेजने हेतु अपनी सहमति व्यक्त की।

5. श्री राजीव जैन ने स्वच्छ भारत– सुंदर भारत को स्काउट–गाइड के वार्षिक कार्यक्रमों में सम्मिलित करने की बात एवं आपदा प्रबंधन (डिजास्टर मैनेजमेंट) के प्रशिक्षण पर जोर देने तथा स्किल प्रशिक्षण को भी कार्यक्रमों में सम्मिलित करने का प्रस्ताव रखा।
– राज्य सचिव ने अवगत कराया कि राज्य भर में स्काउट–गाइड द्वारा इस दिशा में कार्य किया जाता है जिसका प्रतिवेदन प्रतिमाह राष्ट्रीय मुख्यालय को भेजा जाता है। मध्यप्रदेश द्वारा किये गये कार्यो को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है एंव माननीय राज्य मुख्य आयुक्त को माह जून में राष्ट्रीय मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, गांधीनगर में शील्ड एवं प्रशंसा–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।
–––राज्य सचिव ने अवगत कराया कि हमारे द्वारा 88 प्रकार के दक्षता बैज का प्रशिक्षण स्काउट–गाइड को प्रदान किये जाने का प्रावधान पाठ्यक्रम में है।

6. श्री जे.के. नामदेव ने प्रशिक्षण केन्द्र अमरकंटक में चौकीदार श्री ब्रजकिशोर बर्मन सेवा समाप्ति पश्चात् उनका पूर्व माह का लंबित वेतन नियमानुसार जारी किये जाने हेतु कहा।

7. श्री आर के तिवारी ने प्रस्ताव रखा कि स्काउटिंग गतिविधियॉ प्राइवेट स्कूलों में सिमट रही है तथा शासकीय स्कूलों में नगण्य होती जा रही है इस हेतु प्रयासों की आवश्यकता है।
– कक्षा 08 तक के छात्र–छात्राओं का स्काउटिंग शुल्क बंद होने तथा उसकी शासन द्वारा पूर्ती नहीं करने से गतिविधियों के संचालन में कठिनाई आ रही है। इस हेतु ठोस प्रयास राज्य मुख्यालय से होना चाहिये।
– राज्य स्तरीय गतिविधियों/बैठक हेतु यात्रा व्यय राज्य मुख्यालय से प्रदान किया जाना चाहिये। जिला संघ से अनेक स्थानों पर यात्रा व्यय प्राप्त करना संभव नहीं हो पाता है।

8. श्री प्रकाश चित्तौड़ा ने राष्ट्रीय परिषद में म.प्र. के प्रतिनिधित्व हेतु भेजे गये नामों की जानकारी से सदन को अवगत कराने की मांग की ।
–––राज्य सचिव ने इस हेतु अध्यक्ष की अनुमति प्राप्त कर सदन को राष्ट्रीय परिषद हेतु भेजे गये नाम पढ़कर सुनाये जो इस प्रकार है–
1. श्री अशोक अर्गल, अध्यक्ष 2. श्री पारस चंद्र जैन–राज्य मुख्य आयुक्त 3. श्री डी.एस.राघव–राज्य आयुक्त(स्काउट) 4. सुश्री शीला दाहिमा राज्य आयुक्त(गाइड) 5. श्री प्रकाश चित्तौड़ा, सहायक राज्य आयुक्त(स्काउट) 6. श्री प्रकाश दिसोरिया– राज्य सचिव 7. श्रीमती अनिता अंकुलनेरकर–राज्य संगठन आयुक्त(गाइड) 8. श्री राहुल कोठारी, आजीवन सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष 9. श्रीमती चंद्रकांता उपाध्याय–सहायक राज्य संगठन आयुक्त–गाइड

9. श्री आर एन तिवारी ने राष्ट्रीय परिषद हेतु प्रदेश से नियमानुसार नाम भेजे जाने का प्रस्ताव रखा।

10. श्री रमेशचंद्र शर्मा, उज्जैन ने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि उज्जैन जिला संघ के भवन निर्माण हेतु माननीय श्री थावरचंद गेहलोत, केन्द्रीय मंत्री द्वारा 50 लाख का अनुदान प्रदान किया गया है जो संस्था हेतु बड़ा सहयोग है अतः स्काउटिंग–गाइडिंग के ऐसे सहयोगी को भी राष्ट्रीय मुख्यालय से अंलकृत करने हेतु प्रस्ताव भेजा जाना चाहिये।

11. श्री प्रकाश दिसोरिया, राज्य सचिव ने प्रस्ताव रखा कि संस्था राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, गांधीनगर, भोपाल की भूमि का एयरपोर्ट अर्थारटी के साथ विवाद चल रहा है। इसके सम्बन्ध में पूर्व में भी राज्य शासन, केन्द्र सरकार के सम्बन्धित माननीय मंत्री जी को पत्र लिखा गया है परन्तु समस्या यथावत है। अतः मा. अध्यक्ष जी एवं राज्य मुख्य आयुक्त महोदय के नेतृत्व में समस्या के निराकरण का आग्रह है। श्री डी. एस.राघव, राज्य आयुक्त–स्काउट ने भूमि सम्बन्धी समस्या व किये गये प्रयासों की जानकारी प्रदान की। श्री राघव ने कहा कि शासन गांधीनगर में अन्यत्र कहीं स्थान आवंटित कर अनुदान प्रदान करें अथवा प्रशिक्षण केन्द्र यथावत रहे इस हेतु हमें प्रयास करना चाहिये एवं प्रतिनिधि मंडल माननीय मुख्य मंत्री जी से अतिशीघ्र भेंट कर समस्या का शीघ्र निवारण हेतु प्रसास करें।

12. सुश्री विजया गेहलोत ने अपना प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इंदौर में संचालित होल्कर ग्रुप के स्काउट–गाइड के अभिलेखों पर हस्ताक्षर करने वाले जिला सचिव श्री देवीसिंह ठाकुर का स्वर्गवास होने के कारण दल में श्री सुशील कुशवाह, डी.ओ.सी.–स्काउट धार एवं श्री प्रमोद गंगराडे, ए.एस.ओ.सी. उज्जैन विद्यालय में प्रशिक्षण दे रहे हैं। अतः स्काउटर के रूप में उन्हें अभिलेखों पर हस्ताक्षर करने एंव



31

**दल संचालन करने की अनुमति दी जावे।**

——— राज्य सचिव ने लिखित प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये जिस पर नियमानुसार पूर्ण सहयोग प्रदान किया जावेगा।

13. **श्री गणेश शर्मा ने राज्यपाल स्काउट–गाइड अलंकरण में सम्मानित प्रत्येक जिले के ग्रुप का महामहिम के साथ ग्रुप फोटो का प्रस्ताव रखा जिससे की सम्मिलित स्काउट–गाइड का उत्साहवर्धन होगा एंव उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा।**

———राज्य सचिव ने महामहिम के प्रोटोकाल एवं कार्यक्रम का निश्चित समय होने के कारण से अवगत कराते हुए राजभवन से मार्गदर्शन प्राप्त कर इस दिशा में यथासंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

14. श्री सुरेश पाठक ने कहा कि स्काउट–गाइड कक्षा 12 तक अथक मेहनत करते हैं परन्तु उन्हें कुछ नहीं के बराबर प्राप्त होता है। प्रत्येक बैठक में इस पर चर्चा होती है परन्तु शासन स्तर पर कोई प्रोत्साहन नहीं मिलता है। राज्यपाल अवार्ड प्राप्त स्काउट–गाइड को न्यूनतम 5 अंक एवं राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त स्काउट–गाइड को न्यूनतम 10 अंक प्रदान करने का प्रस्ताव पारित किया जावे।

– स्काउटर–गाइडर को भी प्रोत्साहन मिले इस हेतु मैं 15 वर्षो से बैठकों में प्रस्ताव रख रहा हूँ । स्काउटर–गाइडर को उनकी स्काउटिंग योग्यता अनुसार राज्य शासन द्वारा कम से कम 01 वेतन वृद्धि अवश्य मिले तथा उन्हें यूनिफार्म हेतु राशि भी मिले। पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनीस के कार्यकाल के समय उच्च स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्ताव रखे गये थे परन्तु अभी तक कार्यवाही शासन स्तर पर लंबित है अतः पुनः सार्थक प्रयास वर्तमान प्रबंधन से अपेक्षित है।

– लीडर ट्रेनर एवं सहायक लीडर ट्रेनर को निःशुल्क यूनिफार्म उपलब्ध करवाई जावे।

———राज्य सचिव ने अवगत कराया कि प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजे गये है एवं प्रयास निरंतर जारी है। एल.टी. /ए.एल.टी. को भी पॉच वर्ष में यूनिफार्म दी जा रही है।

15. डॉ बलवान सिंह ने प्रस्ताव रखा कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत हमारे प्रशिक्षण केन्द्र जहाँ शौचालयों का निर्माण नहीं हुआ है वहाँ शौचालयों का निर्माण हो।

श्री प्रकाश चित्तौड़ा व अनेक सदस्यों ने प्रस्ताव का स्वागत किया। श्री चित्तौड़ा ने उक्त कार्य कालाकुंड प्रशिक्षण केन्द्र, इंदौर से प्रारंभ करने सुझाव दिया। श्री चित्तौड़ा ने इस बैठक का कार्यवाही विवरण 01 माह में उपलब्ध कराने का भी मांग भी की । जिसे राज्य सचिव ने स्वीकार कर सहमति व्यक्त की।

16. श्री डी.एस.राघव ने कहा मैंने इस पूर्व प्रबंधन के समय सूचना के अधिकार के अंतर्गत जानकारी प्राप्त कर संस्था में 10 करोड़ 17 लाख का गबन पाया था और माननीय उच्च न्यायालय में प्रकरण लगाया था। इस कारण तत्कालीन प्रबंधन ने मेरे विरूद्ध 02 करोड़ का गबन का आरोप लगाया जिससे मेरे द्वारा लगाया गया प्रकरण निरस्त हो गया । गबन करने वाले मुख्य रूप से 1 श्री जितेन्द्र सिंह बुंदेला, पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त 2. श्री जी.आर.शर्मा पूर्व राज्य सचिव, 3. श्री प्रदीप वैश्य, पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष है लेकिन मेरा कहना है कि वह 10 करोड़ 17 लाख का गबन करने वालो के लिए सदन अपना मत दे ।

–श्री कुणाल मिश्रा ने नियमानुसार कार्यवाही के लिए अपनी सहमति व्यक्त की।

–श्री गणेश शर्मा ने कहा कि यह संस्था के बच्चों की राशि का दुरूपयोग व मनमाना उपयोग का उदाहरण है दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही होना ही चाहिये।

–श्री प्रकाश चित्तौड़ा ने कहा कि हम दुर्भावना के आधार व सुनी–सुनाई बातों के आधार पर कार्यवाही नहीं कर सकते हैं इस हेतु 03 सदस्यीय जांच समिति बनाई जाना उचित होगा।

———अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिये कि राज्य मुख्य आयुक्त की सलाह से एक समिति बनाई जावे व वकील से सलाह ली जावे।

श्री राजीव जैन ने एक सेवानिवृत्त जज श्री डी.सी. जैन को भी निःशुल्क सलाह हेतु समिति में सम्मिलित करने का सुझाव दिया।

**माननीय राज्य मुख्य आयुक्त द्वारा निम्नानुसार समिति का गठन किया गया– (1) श्री रमेश शर्मा, "गुट्टू भैया"–उपाध्यक्ष एवं समिति अध्यक्ष (2) डॉ बलवान सिंह, राज्य कोषाध्यक्ष (3) श्री जी.आर. गारगे, लेखाधिकारी । समिति सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्री डी.सी. जैन से आवश्यक होने पर समय–2 पर निःशुल्क मार्गदर्शन प्राप्त कर अपना प्रतिवेदन राज्य मुख्य आयुक्त को प्रस्तुत करेंगे।**

<u>निर्णयः– समस्त बिन्दुओं पर विचार कर नियमानुसार समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही की जावे।</u>

**कार्यवाहीः राज्य सचिव**

**श्री रमेश चन्द्र शर्मा (गुट्टू भैया), वरिष्ठ उपाध्यक्ष** ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि प्रशिक्षण केन्द्रों में शौचालय का निर्माण का प्रस्ताव अच्छा है हम पदाधिकारियों के निरीक्षण/जिम्मेदारी के माध्यम से यह कार्य हो पूर्व प्रबंधन के कार्यकाल में अनेक गल्तियॉ हुई हुई है यह सामाजिक संस्था है जिसमें राजनैतिक विचारधार सम्मिलित होने से स्थिति खराब हुई और उपस्थित सभी पदाधिकारियों को अन्याय झेलना पढ़ा। पूर्व का ढर्रा समाप्त करते हुए नियमानुसार भयविहीन कार्य हो । **<u>मेरा प्रस्ताव है कि प्रमुख 11 अधिकारी/पदाधिकारी माननीय मुख्यमंत्री से मिलकर वर्षों से चल रही संस्था की व कर्मचारियों की समस्याओं के निवारण हेतु चर्चा करें।</u>**



391

**श्रीमती सरोज राजपूत, उपाध्यक्ष** ने अपने संबोधन में कहा कि बैठक में अनेक समस्याओं के साथ सुझाव भी प्राप्त हुए है जिन पर विचार कर निर्णय होंगे। पूर्व प्रबंधन ने जो गलत किया उसे अब संस्था व कार्य हित में बिसारना उचित होगा, मुझे भी अनेक जानकारियॉ नहीं होती थी तथा अवगत नहीं कराया जाता था। वर्तमान में हमें नई ऊँचाईयों को छूना है । उज्जैन सिंहस्थ में माननीय राज्य मुख्य आयुक्त के मार्गदर्शन में सराहनीय कार्य हुआ है। सभी कार्य सहयोग की भावना से होते है।

**बिन्दु क्र. 10: राज्य मुख्य आयुक्त का उद्बोधन –**

मा. श्री पारसचंद्र जैन, राज्य मुख्य आयुक्त ने बैठक में पदाधिकारियों एंव सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान अध्यक्ष जी एवं मेरा कार्यकाल पूर्व में भी साथ–साथ स्काउट गाइड म.प्र. में रहा है व राजनीति कार्यकाल में भी हमने पूर्व में साथ कार्य किया है इसी प्रकार श्री रमेश शर्मा, गुट्टू भैया ने मेरे साथ कार्य किया है मेरा उद्देश्य यह है कि वर्तमान टीम में सभी एक दूसरे से परिचित हैं एवं कार्यशैली से भिज्ञ है जिससे टीमभावना से कार्य हो रहा है। उज्जैन सिंहस्थ में यूनिफार्म धारण कर कार्य करने से संत अवधेशानंद जी तथा माननीय मुख्यमंत्री जी, म.प्र. शासन द्वारा हमारे कार्य को सराहा है एवं विश्व स्तर पर भी प्रशंसा हुई है। श्री डी.एस.राघवजी हमें मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान कर रहे हैं स्काउटिंग–गाइडिंग का विकास हमारी सभी की सामुहिक जिम्मेदारी है।

**संस्था के कर्मचारियों को छटवें वेतनमान प्रदान करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है** व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी देय राशि का भुगतान होना है जैसे–2 हमें राशि प्राप्त होगी उसी अनुपात में कर्मचारियों को भुगतान किया जावेगी। श्री राघव जी ने तत्कालीन समय की आवश्यकता देखते हुए भवन बनाया जिसके निर्माण में कर्मचारियों की राशि सम्मिलित होने से परेशानी आई परन्तु उस भवन से हमें आय प्राप्त हो रही है । शिक्षा विभाग से राशि प्राप्त होती है परन्तु आदिम जाति कल्याण विभाग से राशि प्राप्त नहीं हो रही है राशि प्राप्त करने हेतु बातचीत जारी है। नगर निगम भोपाल द्वारा भवन का संपत्तिकर का देयक लगभग 25 लाख आया था जिस सम्बन्ध में महापौर, भोपाल से चर्चा की गई एवं उन्होंने भारत स्काउट एंव गाइड को रू. 07.00 लाख जमा करने हेतु सहमति प्रदान की।

स्काउट–गाइड प्रशिक्षण प्राप्त स्काउट को प्रमाण–पत्र नहीं प्राप्त होने के सम्बन्ध में मेरा कहना है कि सम्बन्धितों को उनकी कमी/गलती से अवगत कराते हुए सूचित किया जावे। बैठक में प्राप्त प्रस्ताव के परिपेक्ष्य में स्काउट–गाइड को 10 नबंर का प्रदान करने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है इसी प्रकार विजन–2024 पर भी कार्य प्रारंभ कर दिया है। पूर्व प्रबंधन द्वारा हटाये गये कर्मचारियों के गुण–दोषों का आकलन कर नियमानुसार पुर्ननियुक्ति प्रदान की गई। सी.पी.एफ. की राशि का भुगतान किया जा रहा है । राज्य प्रशिक्षण केन्द्र गांधीनगर सम्बन्धी, भोपाल की भूमि विवाद हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी, म.प्र. शासन से मिलकर सहयोग हेतु निवेदन किया जावेगा। आज की बैठक में प्राप्त हुए सुझावों पर विचार कर नियमानुसार निर्णय लिये जावेगें।

**बिन्दु क्र. 10: अध्यक्षीय उद्बोधनः –**

मा. अशोक अर्गल, अध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व माह में होने वाली बैठक अतिवृष्टि से स्थगित हो गई थी जो आज सम्पन्न हुई। मैं इस संस्था से लगभग 09 वर्ष पूर्व से जुड़ा हूँ एवं आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होता रहा हूँ। मुख्यालय का परिसर बनाने में श्री राघव जी का सराहनीय योगदान रहा है। मैंने वर्तमान राज्य मुख्य आयुक्त के साथ पूर्व में इसी संस्था में व मुरैना जिले में भी कार्य किया है। स्काउट–गाइड संस्था पर आम आदमी विश्वास रखता है जो हमें बनाये रखना है । संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम की सराहना हुई, मैं मुरैना में आयोजित कार्यक्रमों में भी सम्मिलित हुआ हूँ। मैंने पूर्व में राज्य मुख्य आयुक्त के रूप में कार्य किया है तथा वर्तमान में अध्यक्ष हूँ मेरे द्वारा संस्था से किसी भी प्रकार की राशि प्राप्त नहीं की है जबकि निवृत्त प्रबंधन के कार्यकाल में गंभीर वित्तीय अनियमिततायें हुई हैं बच्चों के पैसों एवं संस्था की राशि का दुरूपयोग किया गया है राज्य मुख्य आयुक्त द्वारा इस हेतु जांच समिति बनाई गई है इस संस्था का सम्मान बना रहना चाहिये यही मेरी आपसे अपेक्षा है।

**बिन्दु क्र. 13 आभार (धन्यवाद) :–**

सुश्री शीला दाहिमा, राज्य आयुक्त(गाइड) ने उपस्थित सभी राज्य परिषद पदाधिकारियों, सदस्यों को उनके द्वारा बैठक में सक्रिय रूप से भाग लेने पर धन्यवाद व्यक्त किया। सुश्री दाहिमा ने कहा कि आज गरिमामयी बैठक हुई । आप सभी की बैठक में उपस्थिति आपकी स्काउटिंग–गाइडिंग के प्रति लगाव का सूचक है हमारा नेतृत्व विश्वसनीय एवं प्रभावशाली है हम सभी हमें सौंपे दायित्वों को पूर्ण करेंगें। बैठक में प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष सहयोगी सभी को धन्यवाद । आप सभी राज्य प्रशिक्षण केंद्र बैठक हेतु पधारे सभी का आभार एवं धन्यवाद।

अंत में बैठक सानंद सम्पन्न हुई।

**(अशोक अर्गल)**
**अध्यक्ष**
**राज्य परिषद**
**भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.**

**(प्रकाश दिसोरिया)**
**राज्य सचिव**
**भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश**